सर्वेक्षण पर सवाल | स्वच्छता सर्वेक्षण पर खड़े हो रहे सवाल, सामने आई तस्वीरें कर रहीं हकीकत बयां

# कहीं नाली चोक तो कहीं सड़क पर छोड़ दी सिल्ट

▶ जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में





विजन पैलेस के सामने का हाल



रांझी की नाली चोक

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण लगता है सिर्फ कागजों में चल रहा है क्योंकि जो जमीनी हकीकत की तस्वीरें सामने आ रहीं हैं वो काफी चौंकाने वाली हैं। कहीं कचरे के ढेर लगे हुए हैं तो कहीं नालियां कचरे से पैक हैं और कहीं निगम के सफाई कर्मियों द्वारा गंदगी सिल्ट को सड़क किनारे वहीं छोड़ दिया गया है। नतीजा है कि आसपास रहने वाले लोग इस गंदगी से प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें पल पल संक्रामक बीमारियों का खतरा सताने लगा है। सामने आ रहीं तस्वीरों को देखकर तो शहर में यही चर्चाएं तेज हैं कि क्या वाकई में नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए ठोस कदम उठाए हैं?

जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती संग्रहालय भंवरताल गार्डन के समीप स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत बनाई गई वाल पेंटिंग के पास ही कचरा कचरे का ढेर पिछले कई दिनों से लगा हुआ है। इस संबंध में स्थानीय दुकानदारों व लोगों ने नवभारत को बताया कि जिम्मेदारों को पिछले 3 सप्ताह से बोला जा रहा है लेकिन बावजूद इसके कचरा अभी तक नहीं उठा है। जबकि पिछले महीने यहां लगे कचरे के ढेर में आग भी लग चुकी है। उधर रांझी इलाके की नालियां कचरे से चोक पड़ी हुईं हैं।

### यहां भी हालात बदतर

जानकारी के अनुसार जयंती कॉम्प्लेक्स रोड इंडियन ओवरसीज बैंक के पास और विजन पैलेस होटल के सामने नाली साफ हुई और सिल्ट वहीं रख दी गई जिससे नाली में कचरा फिर चला गया और आने वाले बारिश में जलभराव होने आशंका बढ़ गई है। बताया जा रहा इन इलाकों में भी पिछले कई दिनों से सिल्ट पड़ी हुई है लेकिन जिम्मेदारों को शिकायतों के बावजूद भी इससे कोई लेना देना नहीं है।



# राजेंद्र वर्मा ने ग्रहण की एआईडीईएफ की सदस्यता

जीसीएफ में हुआ स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में कर्मचारी हितों की रक्षा एवं श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत मजदूर संघ हथौड़ा (एआई डीईएफ) को आज उस समय और मजबूती मिली जब राजेंद्र वर्मा ने भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (मिले हाथ) की कर्मचारी विरोधी नीतियों से असंतुष्ट होकर अपने अनेक समर्थकों के साथ मजदूर संघ हथौड़ा की सदस्यता ग्रहण कर ली। ये जानकारी (ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयड फेडरेशन के उत्तम विश्वास ने दी है। विदित हो कि राजेंद्र वर्मा भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (मिले हाथ) के वर्तमान जेसीएम काउंसिल सदस्य हैं तथा पूर्व में कार्यसमिति सदस्य के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। लंबे समय से कर्मचारियों के हितों की अनदेखी एवं श्रमिक समस्याओं के समाधान में विफलता से निराश होकर उन्होंने मजदूर संघ हथौड़ा की नीतियों और कर्मचारी हितों के प्रति उसके संघर्ष पर विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन में शामिल होने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर मजदूर संघ हथौड़ा के अध्यक्ष विनय गुप्ता एवं महामंत्री रोहित यादव ने राजेंद्र वर्मा का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री वर्मा के अनुभव एवं सक्रिय सहभागिता से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कर्मचारियों के हितों की लड़ाई को नई दिशा मिलेगी।

### संघर्ष करने का वाले प्रत्येक कर्मचारी के लिए खुला द्वार

इस मौके पर मजदूर संघ हथौड़ा के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का द्वार कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष करने वाले प्रत्येक कर्मचारी के लिए सदैव खुला है और आने वाले समय में अधिक से अधिक कर्मचारी संगठन की नीतियों एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर इससे जुड़ेंगे। कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी के साथ हेमंत मकोड़े ,अमित ,गौरव ,वैभव ,सागर कनोजिया ,रविकांत, विजय चौहान ,सुशील सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर में

### दो दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्य प्रदेश मुख्यालय के निर्देश पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी व जिला कमिश्नर स्काउट घनश्याम सोनी के संरक्षण तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के नेतृत्व में दो दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। इसके तहत पहले ऑनलाइन वेबिनार में 70 स्काउट्स एवं गाइड्स शामिल हुए। वेबिनार में नर्मदा समग्र मिशन सदस्य विनोद शर्मा, विभूति सिंह एसओसी गाइड भोपाल और सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन पर मार्गदर्शन दिया तथा डॉ. विजयकांत तिवारी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। फिर उसके बाद 5 जून को उमा घाट पर जागरूकता व संवाद कार्यक्रम में 35 स्काउट्स और गाइड्स शामिल हुए। यहाँ बच्चों ने पेंटिंग द्वारा पर्यावरणीय चिंता जताई। डॉ. विजयकांत तिवारी ने सबको पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन व प्रकृति रक्षा का संकल्प दिलाया। संवाद सत्र में श्रद्धालुओं निशा, अतुल व बनवारी ने अनुभव साझा कर स्काउट्स गाइड्स के कार्यों की सराहना की।

**लीडर्स का सम्मान और समापन–** उल्लेखनीय योगदान के लिए स्काउट गाइड लीडर्स को मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इसमें जिला सचिव विजय कुमार झारिया, जिला क्लैप समन्वयक राहुल राजपूत, सहायक जिला क्लैप समन्वयक शुभम ठाकुर, ममता सिंह, किरण येवले, रशिका द्विवेदी, शिल्पा श्रीवास और अंजलि श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नागरिक अधिकार मंच ने किया पौधरोपण



**नवभारत, जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिक अधिकार मंच के सदस्यों ने 'मानवता बचाने के लिए वृक्षारोपण अवश्य' संदेश के साथ बागड़ा दफाई, केसर बस्ती और सुभाष नगर में पौधारोपण किया। यहाँ सजावटी पेड़ों के बजाय संस्था माध्यम से आम, पीपल, बरगत व आंवले जैसे 10 परंपरागत पौधे लगाए गए। इस दौरान संस्था से शिव कुमार, पूजा भुर्के, विकास खोब्रागडे, शुभम चौधरी, गायत्री साहू, कौशल कबीर, छोटी बाई चौधरी और रेशम कोल उपस्थित रहे।

### नर्मदा घाटों में कायस्थ महासभा ने किया पौधा रोपित



**नवभारत,जबलपुर।** कायस्थ महासभा ने मां नर्मदा के घाटों पर स्वच्छता अभियान के बाद राधाभाव मिशन में पौधरोपण किया। इस मौके पर कायस्थ महासभा चित्र गुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा सुबह मां नर्मदा घाट पर लगी काई को साफ किया और पॉलीथिन ,दोने ,फूल आदि सामग्री एकत्रित कर डस्टबिन में डालने का, घाट पर गंदगी न करने का नागरिकों से आग्रह किया। इसके बाद राधाभाव श्री चित्रगुप्त महाराज धाम में साध्वी शोभा दीदी के सानिध्य में पौधरोपण किया । कार्यक्रम में सहेन्द्र श्रीवास्तव ,अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव ,डॉ विनोद श्रीवास्तव, पियूष वर्मा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# कैंसर मरीजों के लिए सजी सुरों की महफिल



**नवभारत,जबलपुर।** कैंसर मरीजों की सहायता के उद्देश्य से दत्त मंदिर, गोल बाजार में एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जाह्वी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया, जिसमें जबलपुर, कटनी और मंडला सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया इस संगीत संध्या में कलाकारों ने हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान झुमका वाला... ', 'मेरे नसीब में तू है... ', 'पर्दा है पर्दा...' और 'न झटको जुल्फ से पानी...' जैसे सदाबहार गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इस मौके पर दुबई से अंतरराष्ट्रीय कलाकार यश सातपुते ने भी कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उनके साथ छोटे सिंगर और दिव्य मोर्य हरदा ने भी आयोजन की सराहना की।

### गणमान्य नागरिकों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभिलाष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में बाबू मैथ्यूज, जय प्रकाश गुर्जर, रमेश पुरी गोस्वामी और गुलाम गौस सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वही जाह्वी म्यूजिकल ग्रुप की संस्थापक तृप्ति मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद कैंसर मरीजों की सहायता करना था। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में आयशा, राधा थापा, मनोज शर्मा, मोहित मिश्रा, डॉ. ललित श्रीवास्तव और डॉ. गुरमीत सिंह सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। वही कार्यक्रम का प्रबंधन अयाज मंसूरी ने संभाला, जबकि मंच संचालन मंजू गोरे द्वारा किया गया।



# महाराष्ट्र व्यायाम शाला में सुंदर कांड पाठ आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र व्यायाम शाला, मढ़ाताल में शनिवार को शाम 4 बजे सुंदर कांड पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर की सुप्रसिद्ध योग एवं खेल प्रशिक्षण संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान माँ जगदम्बा महिला मंडल गंगा नगर गढ़ा द्वारा श्रीराम दरबार की स्थापना करके पूर्ण भक्तिभाव से सुंदर कांड का संगीतमय पाठ किया गया। अनुष्ठान की समाप्ति के बाद संस्था के मंदिर में हनुमान जी की आरती की गई और फिर उपस्थित जनसमूह के बीच प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर त्रिपाठी सम्मानित

▶ अभितेष कृष्ण ने कर्तव्यनिष्ठा से किया कार्य

**नवभारत,जबलपुर।** जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा और समयबद्धता का परिचय देते हुए सबसे पहले कार्य पूर्ण करने पर म.प्र. आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ, जिला जबलपुर के अध्यक्ष पंडित अभितेज कृष्ण त्रिपाठी को नगर निगम जबलपुर के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा आयुक्त कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने उनके समर्पण, दक्षता और प्रशासनिक कार्यों के प्रति गंभीरता की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पंडित अभितेज कृष्ण त्रिपाठी शिक्षा, साहित्य और सामाजिक सेवा की समृद्ध पारिवारिक परंपरा से जुड़े हैं। वे देबू आईटीआई बरगी के संस्थापक एवं संस्था प्रमुख हैं। वे वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार स्वर्गीय पंडित अभिज्ञान कृष्ण ज्योति त्रिपाठी के सुपुत्र हैं। उनके पितामह ख्यातिलब्ध शिक्षाविद, पत्रकार, साहित्यकार एवं समाजसेवी पंडित हरिकृष्ण माया त्रिपाठी रहे हैं। वहीं वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार एवं शिक्षाविद पंडित बालमुकुंद सुभद्रा त्रिपाठी के प्रपौत्र हैं। इसके साथ ही वे हिंदी साहित्य जगत के प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं समालोचक पंडित गंगाप्रसाद अग्निहोत्री तथा साहित्य संरक्षिका जीजीबाई अग्निहोत्री की पारिवारिक विरासत से भी जुड़े हैं। उनका संबंध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मालगुजार पंडित बेनी प्रसाद पांडे और शिवप्यारी देवी पांडे के परिवार से भी है। इस मौके पर डॉ. मुकुल तिवारी, पंकज शर्मा, नरेश शुक्ला सहित अनेक स्नेहीजनों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे उनके परिश्रम, अनुशासन और कार्यकुशलता का परिणाम बताया।

# पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने कर्मचारियों को किया 'रिचार्ज'

▶ तनावमुक्त और दवा-मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश



**नवभारत जबलपुर।** आधुनिक जीवनशैली की भागदौड़, बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन का संदेश देने के उद्देश्य से योग, मेडिटेशन एवं वैकल्पिक चिकित्सा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। शक्ति नगर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम मेडिटेशन गुरु संस्था कानपुर से आए योगाचार्य डॉ. अनुराग त्रिपाठी एवं रोली त्रिपाठी ने योग, प्राणायाम, मेडिटेशन और हर्बल चिकित्सा के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के व्यावहारिक उपाय बताए।

विशेषज्ञों ने कहा कि तनाव, अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खानपान आज मधुमेह, हृदय रोग, अस्थमा, एसिडिटी और अनिद्रा जैसी समस्याओं का प्रमुख कारण बन रहे हैं। इनसे बचाव के लिए योग और प्राकृतिक चिकित्सा को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। व्याख्यान के दौरान योगासन, प्राणायाम एवं मेडिटेशन का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही हर्बल एवं वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्युत कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान मेडिटेशन गुरु ने तनाव दूर करने के कुछ असरदार सूत्र बताए जिसमें हेड मसाज अपनाना, शिरोधारा वॉटर थेरेपी, सीएलसी फॉर्मूला अपनाना शामिल रहा।

श्रद्धांजलि सभा | प्रधानमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

# ऑपरेशन ब्लू स्टार के शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**नवभारत,जबलपुर।** ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी पर सिख समाज, जबलपुर द्वारा गुरुद्वारा साहिब में शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर चौपाई साहिब के पाठ, मूल मंत्र के जाप एवं अरदास के माध्यम से ऑपरेशन ब्लू स्टार में दिवंगत हुए श्रद्धालुओं की आत्मिक शांति तथा उनके परिजनों की चढ़दी कला के लिए विशेष अरदास की गई। इस मौके पर संगत ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा जून 1984 की घटनाओं को स्मरण किया।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित कर ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गए निर्दोष श्रद्धालुओं को शहीद का दर्जा देने, पीड़ित परिवारों को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने तथा सिख रेफरेंस लाइब्रेरी से संबंधित उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को सौंपने की मांग की गई।

सिख समाज के प्रधान एवं पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन हरेंद्रजीत सिंह 'बब्बू' ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से इस ऐतिहासिक विषय पर संवेदनशीलता के साथ न्यायोचित निर्णय लेने का आग्रह किया गया है।

### ये रहें उपस्थित

इस अवसर पर अधिवक्ता सुदीप सिंह सैनी, गुरजीत सिंह, धनवीर सिंह आनंद, अधिवक्ता सुखबीर सिंह, अधिवक्ता परमिंदर सिंह लांबा, सरदार हरजीत सिंह, संगत सिंह बत्रा, रणवीर सिंह गिल सहित सिख समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

# मेगा एग्रीकल्चर कैंप में 28 करोड़ के ऋण वितरित



**नवभारत,जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 6 जून को सांस्कृतिक थिएटर में मेगा एग्रीकल्चर कैंप आयोजित किया गया। इसके माध्यम से जबलपुर के 400 से अधिक किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को कृषि योजनाओं का लाभ दिया गया। कैंप में किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह ऋण, मत्स्य पालन, पशुपालन, कृषि यंत्रीकरण, ग्रामीण उद्योग और सोलर ऊर्जा प्लांट के लिए 28 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित हुए। मुख्य अतिथि जिला अधिकारी राघवेंद्र सिंह थे तथा अध्यक्षता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई के महाप्रबंधक बीरेंद्र मेहता ने की।

कलेक्टर ने जनसमूह से आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने ऋण का उपयोग केवल व्यवसाय पूरक गतिविधियों में करने पर ज़ोर दिया। साथ ही, सबको जन सुरक्षा की तीन योजनाओं पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई एवं अटल पेंशन योजना में स्वयं व परिजनों को जोड़ने का आग्रह किया। इस दौरान महाप्रबंधक बीरेंद्र मेहता ने राष्ट्र निर्माण और नवीनतम योजनाओं की जानकारी दी। जबलपुर के क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार ने बताया कि कैंप का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को आसान और समयबद्ध ऋण देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एसआरएलएम व अन्य विभागों के अधिकारियों सहित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी उपस्थित रहे।